# कार्यालय कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग क्र. 2 सिंगरौली (म0प्र0)

(Email ID - eewrdsingrauli@gmail.com)

पत्र क्र0 1504 /तकनीकी / 2023 सिंगरौली दिनांक 8 / 8 / 23

प्रति,

**जनरल मैनेजर**
**निगाही प्रोजेक्ट एन.सी.एल.**
**जिला–सिंगरौली (म0प्र0)**

**विषयः–** एन.सी.एल. निगाही प्रोजेक्ट के वनभूमि हस्तान्तारण प्रकरण क्र. 1 / 47834 / 2023 कम्पार्टमेंट क्र. 272, 273 एवं 274 बैढ़न रेंज के अन्तर्गत प्राकृतिक नाला को डायवर्ट करने की अनुमति वावत्।

**सन्दर्भः–** आपका पत्र क्र. NGH/GM/SO(M)ENV/23-24/1404 दिनांक 14.07.2023

विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र द्वारा नाला डायवर्सन की अनुमति प्रकरण प्रस्ताव निम्नानुसार हैः–

1. कोल माइन्स हेतु प्रस्तावित वनभूमि 229.348 हे. कम्पार्टमेंट क्र. 272, 273 एवं 274 बैढ़न रेंज के अन्तर्गत दो मौसमी प्राकृति नाले में प्रभावित हो रहे है।
2. **नाला क्र. 1 :–** नाले की लम्बाई 2.71 कि.मी. चौड़ाई 6 मी गहराई 3.50 मी. से 4.50 मी. है।
3. नाले का बहाव दक्षिण से उत्तर की ओर है। नाले का उद्गम एवं अंत खदान के अन्दर होने के कारण नाला का हिस्सा दर हिस्सा कटता जाएगा अतः डायवर्सन की आवश्यकता नहीं है।
4. **नाला क्र. 2:–** नाले की लम्बाई 2.97 कि.मी. चौड़ाई 13.00 मी. गहराई 4.00 मी. से 6.00 मी., बहाव पश्चिम से पूर्व की ओर है। उक्त नाला खदान की बाउन्ड्री से होकर अंदर जाता है, अतः डायवर्सन की आवश्यकता है।
5. प्रकरण के साथ GRID Plan, Cross Section संलग्न है।

नाला डायवर्सन स्थल पथरीला होने के कारण नहर आकार में खुदाई कर डायवर्ट किया जाना प्रस्तावित किया गया है, जिसे कार्ययोजना अनुसार 10–15 वर्ष के बाद खदान में कार्य प्रारंभ होने के पूर्व निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्न शर्तो के साथ नाला डायसर्वन हेतु अनुमति प्रदान की जाती हैः–

1. प्रस्तावित डायवर्सन चेनल में प्रवाहित जल को प्रदूषण से बचाने की व्यवस्था की जावे ताकि जल का उपयोग सिंचाई, निस्तार व अन्य प्रयोजन में किया जा सके।
2. वर्षाकाल में उक्त डायवर्सन चैनल में प्राकृति नालों से जल संग्रहीत किए जाने की व्यवस्था की जाना आवश्यक है ताकि नाले का प्राकृतिक श्रोत बना रहे और जल का स्थानीय तौर पर समुचित उपयोग होता रहे।
3. नाला डायवर्सन निर्माण प्रारंभ होने तथा कार्य पूर्ण होने की सूचना के साथ ही निर्माण कार्य जल संसाधन विभाग के मापदंडों पर कराया जावे।
4. नाले से औद्योगिक प्रयोजन हेतु पानी की आवश्कता होने पर नियमानुसार प्रपत्र–199 में मांग पत्र प्रस्तुत कर आवंटन प्राप्त करना आवश्यक होगा।

**सहपत्रः–**शून्य।

(एस.एम.तिवारी)
**कार्यपालन यंत्री**
**जल संसाधन संभाग क्र. 2 सिंगरौली**
**जिला–सिंगरौली (म0प्र0)**

पृ0क्र0 1505 / तकनीकी / 2023 सिंगरौली दिनांक 8 / 8 / 2023

**प्रतिलिपिः–**

मुख्य अभियन्ता गंगा कछार जल संसाधन विभाग रीवा की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।

**सहपत्रः–**शून्य।

(एस.एम.तिवारी)
**कार्यपालन यंत्री**
**जल संसाधन संभाग क्र. 2 सिंगरौली**
**जिला–सिंगरौली (म0प्र0)**